रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

www.vananchaleye@gmail com

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:26 | शुक्रवार,26 सितम्बर




## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रपति ने किये बांके बिहारी के दर्शन

एजेंसी

**लखनऊ :** महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की। इस बीच उनके दौरे को लेकर स्थानीय पुलिस पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद और सतर्क है। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं थीं । करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं। द्रौपदी मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए थे।

### सोनम वांगचुक के एनजीओ का एफसीआरए लाइसेंस रद्द

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसईसीएमओएल) का एफसीआरए लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गयी। मंत्रालय की यह कार्रवाई संगठन के खातों में पाई गई कई कथित विसंगतियों पर आधारित थी, जिसमें स्वीडन से धन अंतरण भी शामिल था, जिसे मंत्रालय ने राष्ट्रीय हित के विरुद्ध पाया। यह घटनाक्रम लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और लेह में बंद के दौरान सुरक्षाकर्मियों के बीच व्यापक झड़पों में चार लोगों की मौत के एक दिन बाद हुआ है। सरकार ने भीड़ की हिंसा के लिएवांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है।

निर्धारित उद्देश्य के लिए नहीं हुआ और न ही कोई लीज एग्रीमेंट साइन किया गया। गृह मंत्रालय की सख्ती :गृह मंत्रालय ने लद्दाख में हुई हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्रालय का कहना है कि हालिया घटनाओं ने उनकी भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्यों भड़की लद्दाख में हिंसा : बुधवार को लेह में बंद के आह्वान के बाद हालात बिगड़ गए। बाजार और दुकानें बंद रही और बड़ी संख्या में लोग ठञ्ज स्मारक मैदान में जुटे। भीड़ ने छठी अनुसूची और राज्य के दर्जे की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए शहर में मार्च निकाला। स्थिति तब बेकाबू हुई जब प्रदर्शनकारियों नेइखढऑफिस और हिल काउंसिल के मुख्यालय पर पथराव किया। कार्यालय परिसर में मौजूद फर्नीचर और दस्तावेजों में आग लगा दी गई। भीड़ ने कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया।



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 160 चिकित्सकों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा-

# चिकित्सकों की संवेदनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए

संवाददाता। रांची

रांची:मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 160 सहायक प्राध्यापकों, दन्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि आपने अपने कैरियर के रूप में स्वास्थ्य के क्षेत्र को चुना है। आपको बेहतर भविष्य बनाने के लिए आगे भी कई अवसर मिलेंगे। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य एक ऐसा क्षेत्र है, जहां आपकी सेवाएं काफी मायने



रखती है। आप जिस सोच के साथ इस क्षेत्र में आए हैं , वैसे में यहां की गरीब और असहाय जनता के प्रति आपकी संवेदनाएं होनी चाहिए। इतना ही नहीं, यथार्थ में संवेदनाएं दिखनी भी चाहिए, ताकि इसका लाभ यहां के लोगों को मिल सके।मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य संरचना मजबूत करने की दिशा में चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति एक बड़ा कदम है। मुझे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी अपनी सेवा भावना से यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और बेहतर करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास संसाधन सीमित हैं लेकिन इन सीमित संसाधनों के बीच भी करने के लिए काफी कुछ है, बस इसके लिए उसे करने का जुनून होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों को जितने इलाज की जरूरत है, उतना ही आपकी संवेदना और सेवा की भी। आप अपने व्यवहार और प्रभाव से मरीजों को काफी हद तक बेहतर माहौल दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में नित्य नई चुनौतियां आ रही हैं। इसके लिए चिकित्सा के क्षेत्र बेहतर करने के लिए निरंतर अनुसंधान भी हो रहे हैं। इस दिशा में चिकित्सकों की काफी अहम भूमिका है। सरकार ने भी एक ऐसी व्यवस्था बनाई है, जिसमें आप सभी का सहयोग लेकर स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करना है, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए संसाधन और सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि आज नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं। लोग अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

# भाजपा चाहे जितना ध्यान भटकाने की साजिश करे, हम वंचितों को अधिकार दिलाने को संकल्पित: राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली:कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे जितना ध्यान भटकाने की साज़िश कर ले, महागठबंधन अतिपिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह अति पिछड़ों की बराबरी और सम्मान की लड़ाई है तथा यही सच्चा सामाजिक न्याय है।राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य प्रमुख नेताओं ने बुधवार को पटना में अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा चाहे जितने भी झूठ और ध्यान भटकाने की साज़िश करे, हम अतिपिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पित हैं।उन्होंने कहा कि बिहार में अतिपिछड़ा समाज को मजबूत बनाने और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए ह्यअतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्रह्व में ठोस वादे किए गए हैं। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा इन समुदायों की प्रगति का सबसे बड़ा साधन है, इसलिए इस क्षेत्र में उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष संकल्प लगाए गए हैं।उन्होंने कहा, ह्यह्यअब निजी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में भी आरक्षण लागू होगा, निजी स्कूलों की आरक्षित आधी सीटें एससी /एसटी/ओबीसी/ईबीसी बच्चों को मिलेंगी और नियुक्तियों में ह्लउपयुक्त नहीं मिलाह्व जैसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था खत्म होगी।ह्वह्व राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि अति पिछड़ों की बराबरी और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि यही सच्चा सामाजिक न्याय और समान विकास की गारंटी है।खरगे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा बयानों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री जिनको ह्लमेरे दोस्तह्व बताकर ढिंढोरा पीटते हैं, वही दोस्त आज भारत को अनेक संकट में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, 2025 का विधानसभा चुनाव न सिर्फ बिहार के लिए बल्कि पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहीं से मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन की उलटी गिनती और अंत की शुरूआत होगी।

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ लगाने और एच1बी वीजा से जुड़े उनके कदमों की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि विदेश नीति निजी दोस्ती से तय नहीं होनी चाहिए।सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी के विषय का भी उल्लेख किया और कहा कि वह आगे भी तथ्यों के साथ जनता के सामने अपनी बात रखेंगे।

## वोट चोरी वाली सरकार की वैधता नहीं, बिहार से शुरू होगी उलटी गिनती : कांग्रेस




एजेंसी

**नई दिल्ली:**कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना अभियान तेज करते हुए बुधवार को कथित वोट चोरी , अर्थव्यवस्था, आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला और कहा कि कुछ सप्ताह बाद बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन के अंत की शुरूआत होगी।पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में देश के मुख्य विपक्षी दल ने विदेश नीति को लेकर भी मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हग्लोमैसी (गले मिलने की कूटनीति) ने भारत को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया है।बिहार प्रदेश कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में चार घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें एक राजनीतिक और दूसरा बिहार से संबंधित है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बिहार में हुई है। बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और कई अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के अस्वस्थ होने के कारण वह और उनकी पुत्री प्रियंका गांधी वाद्रा बैठक में शामिल नहीं हो सकीं।सूत्रों का कहना है कि कार्य समिति के सदस्य शशि थरूर भी अस्वस्थ होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बैठक में दिए अपने संबोधन में दावा किया कि भाजपा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मानसिक रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है और अब उन्हें बोझ मानने लगी है।

## किसी देश पर निर्भर रहना मंजूर नहीं

### 21वीं सदी में स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहने वाले देश ही सफल : प्रधानमंत्री

#### ट्रेड शो में बोले पीएम मोदी- चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते है



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा से देशभर में विकास परियोजनाओं की श्रृंखला का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कुल 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की शुरूआत करते हुए उन्होंने इसे ह्यऊर्जा शक्तिह्व को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में देशों को विकास के लिए अपने यहां बिजली उत्पादन बढ़ाना होगा। इसमें स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहने वाले देश ही सफल रहेंगे। इस दिशा में उनकी सरकार स्वच्छ ऊर्जा अभियान को जन आंदोलन बनाकर आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि बिजली आज के युग में विकास की रीढ़ है। इस दौरान बांसवाड़ा में देश की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट की नींव रखी गई और इसकी लागत लगभग 42 हजार करोड़ रुपये है। इसमें चार स्वदेशी 700 मेगावाट रिएक्टर होंगे। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। राजस्थान में सौर परियोजनाएँ फलोदी, जैसलमेर, जालौर और सीकर में शुरू हुईं। साथ ही बाड़मेर में ग्रिड सबस्टेशन और कई ट्रांसमिशन लाइनें भी शुरू की गईं, जो 15.5 गीगावाट हरित ऊर्जा को देशभर में पहुंचाएँगी। प्रधानमंत्री ने पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को सौर पंप और सौर फीडर उपलब्ध कराने की परियोजनाओं का उद्घाटन किया,।

# चाईबासा में 10 नक्सलियों ने किया सरेंडर, पुलिस के सामने डाले हथियार

एजेंसी

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिला में पुलिस को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली है। भाकपा माओवादी संगठन के 10 नक्सलियों ने महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का ऐलान किया।आत्मसमर्पण करने वालों में 6 पुरुष और 4 महिला नक्सली शामिल हैं।इस मौके पर झारखंड सीआरपीएफ



आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माइकल राज एस, आईजी एसटीएफ, डीआईजी कोल्हान, डीआईजी स्पेशल ब्रांच, चाईबासा एसपी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को डीजीपी गुप्ता ने माला पहनाकर स्वागत किया। ये सभी नक्सली लंबे समय से कोल्हान एवं सारंडा क्षेत्र में सक्रिय थे और कई मामलों में वांछित थे। इनमें एरिया कमेटी सदस्य रांदो बोइपाई उर्फ कांति बोइपाई और

दस्ते के सदस्य गार्टी कोड़ा, जॉन उर्फ जोहन पूरती, निरसो सीदू उर्फ आशा, घोनोर देवगम, गोमेया कोड़ा।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला : अब डाक मत-पत्र की गिनती मतगणना शुरू होने के समय नहीं बल्कि बाद में होगी

एजेंसी

नई दिल्ली:चुनाव आयोग ने चुनावों में डाक मत-पत्र (पीबी) और इलेक्ट्रानिक विधि से भेजे गए डाक मत-पत्रों (ईटीपाबी) की गिनती इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के मतों की मतगणना के अंतिम दो दौर की गिनती से पहले पूरा कराने का निर्णय लिया है। आयोग के इस निर्णय के अनुसार संबंधित मतगणना केंद्रों पर डाक मत-पत्रों की गणना पूरी होने के बाद ही ईवीएम और वीवीपीएसटी के अंतिम दो दौर की गिनती करायी जाएगी। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में ऐसे मत- पत्रों की गिनती फिलहाल मतगणना के दिन सबसे पहले सुबह आठ बजे शुरू की जाती है और इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों (ईवीएम) के वोट और वीवीपीएटी की गिनती 8:30 बजे शुरू करायी जाती है।



आयोग ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यह फैसला चुनाव प्रक्रिया को अधिक सुचारु और सशक्त बनाने के लिए आयोग द्वारा उठाये गये कदमों का एक हिस्सा है। आयोग इससे पहले 29 और नयी पहलें कर चुका है। आयोग ने कहा कि मतगणना के दिन डाक मत-पत्रों की स्थिति से अलग ईवीएम के मतों की गिनती चलती रहती है और सामान्यतः डॉक मत-पत्रों की गिनती पहले पूरी हो जाती है। पर सिद्धांत रूप से इस बात की संभावना बनी रहती है कि ईवीएम की गिनती डाक मत- पत्र की गिनती से पहले खत्म हो जाए। आयोग ने कहा है कि उसने हाल में शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) औरा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घरसे वोट करने की सुविधा दी है।

## न्यूज स्टडी

### सीबीआई की जांच के घेरे में सोनम वांगचुक,

# विदेशी फंडिंग और लद्दाख हिंसा से जुड़ा विवाद

एजेंसी

**लद्दाख ।** लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संवैधानिक अधिकारों की बहाली को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के जनक कहे जाने वाले चर्चित समाजसेवी सोनम वांगचुक एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सूत्रों के मुताबिक, उइकपिछले दो महीने से उनके और उनकी संस्था के खिलाफ विदेशी फंडिंग की जांच कर रही है। आरोप है कि उनकी NGO ने अवैध तरीके से विदेश से पैसा लिया। हालांकि अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ है।इस बीच, वांगचुक की 6 फरवरी को पाकिस्तान यात्रा पर भी सवाल उठ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसियां उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और अब जांच तेज हो गई है। NGO की जमीन आवंटन रद्द : सीबीआई ने सोनम वांगचुक की NGO हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग (HIAL) के खिलाफ कथित



FCRAउल्लंघन की जांच शुरू की थी। इसी सिलसिले में अगस्त में लद्दाख प्रशासन ने ल्कअछ को आवंटित जमीन रद्द कर दी। प्रशासन का दावा था कि जमीन का उपयोग

निर्धारित उद्देश्य के लिए नहीं हुआ और न ही कोई लीज एग्रीमेंट साइन किया गया। गृह मंत्रालय की सख्ती :गृह मंत्रालय ने लद्दाख में हुई हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्रालय का कहना है कि हालिया घटनाओं ने उनकी भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्यों भड़की लद्दाख में हिंसा : बुधवार को लेह में बंद के आह्वान के बाद हालात बिगड़ गए। बाजार और दुकानें बंद रही और बड़ी संख्या में लोग ठञ्ज स्मारक मैदान में जुटे। भीड़ ने छठी अनुसूची और राज्य के दर्जे की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए शहर में मार्च निकाला। स्थिति तब बेकाबू हुई जब प्रदर्शनकारियों नेइखढऑफिस और हिल काउंसिल के मुख्यालय पर पथराव किया। कार्यालय परिसर में मौजूद फर्नीचर और दस्तावेजों में आग लगा दी गई। भीड़ ने कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने हालात काबू करने के लिए आंसू गैस और गोलीबारी का सहारा लिया। कई घंटों की भीषण झड़प के बाद स्थिति नियंत्रित की जा सकी। वांगचुक का बयान : हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए सोनम वांगचुक ने दुख व्यक्त किया।

### गृह मंत्रालय ने लेह में हिंसा पर सोनम वांगचुक को ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बुधवार को लेह शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति के संबंध में एक बयान जारी किया. इसमें एमएचए ने हिंसा भड़काने के लिए सीधे तौर पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और शहर में भूख हड़ताल पर बैठे अन्य लोगों द्वारा दिए गए भड़काऊ बयानों को जिम्मेदार ठहराया है.गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया, 'सोनम वांगचुक ने 10-09-2025 को छठी अनुसूची और लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी. यह सर्वविदित है कि भारत सरकार शीर्ष निकाय लेह और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ सक्रिय रूप से जुड़ीहुई है.' उच्चाधिकार प्राप्त समिति और उप-समिति के औपचारिक माध्यम से उनके साथ कई बैठकें हुई और नेताओं के साथ कई अनौपचारिक बैठकें हुई. इस तंत्र के माध्यम से बातचीत की प्रक्रिया ने लद्दाख अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण को 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत करने, परिषदों में एक तिहाई महिलाओं को आरक्षण

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



संवाददाता रांची

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति हरमू, रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल के विधिवत उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। मौके पर पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय,कोषाध्यक्ष अनिल सिंह एवं सचिव

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक संपन्न लंबित योजनाओं को जल्द निपटाने का निर्देश

**रांची, संवाददाता ।**

समाहरणालय सभागार में आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की शासी परिषद की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह-अध्यक्ष मंजूनाथ भजन्त्री ने की. बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए. जेनमें प्रमुख रूप से लंबित योजनाएं जल्द पूरी करना रहा. बैठक में अब तक स्वीकृत और लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने साफ निर्देश दिया कि सभी एजेंसियां समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण काम करें और वित्तीय नियमों का पालन करें.




**नए गांव-पंचायत जोड़े जाएंगे**

डीएमएफटी की नई गाइडलाइन के अनुसार, रांची जिला में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित पंचायतों और गांवों की सूची की समीक्षा की गई. सर्वसम्मति से तय हुआ कि कुछ नए गांव-पंचायत भी इस सूची में जोड़े जाएंगे.

**स्कूलों को प्राथमिकता**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजनाओं के चयन के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और CM School of Excellence को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी.

**नई गाइडलाइन के हिसाब से योजना चयन**

सभी ने मिलकर तय किया कि योजनाओं का चयन डीएमएफटी की नई गाइडलाइन के अनुसार उच्च प्राथमिकता और अन्य प्राथमिकता श्रेणियों में किया जाएगा.बैठक में सांसद, विधायक और उनके प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी जैसे उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, अभियंता और डीएमएफटी पीएमयू के सदस्य मौजूद थे.

## पर्यटन बस रांची से पाली गांव रवाना, डीसी ने दिखाई हरी झंडी

रांची। विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) को खास बनाने के लिए रांची जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग मिलकर कई कार्यक्रम कर रहे हैं. इसी कड़ी में आज रांची समाहरणालय से पर्यटकों की एक बस को हरी झंडी दिखाकर रातू प्रखंड के पाली गांव के लिए रवाना किया गया. यहां दो दिन तक रूरल इमर्शन एंड कल्चरल सेलिब्रेशन प्रोग्राम के तहत कैंपिंग और ग्रामीण पर्यटन गतिविधियां होंगी. बस को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और उप-विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे.

**24 सितंबर को टैगोर हिल में सफाई और योग कार्यक्रम** : इससे पहले 24 सितंबर को टैगोर हिल में सफाई अभियान और योग कार्यक्रम हुआ. इसमें करीब 130 लोगों ने हिस्सा लिया. सफाई से लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. वहीं. योग से सेहत और मानसिक शांति का महत्व बताया गया.



**ग्रामीण जीवन का अनुभव कर पाएंगे पर्यटक**

पाली गांव में होने वाला यह कैंपिंग प्रोग्राम पर्यटकों को झारखंड की ग्रामीण जीवनशैली, लोक संस्कृति और प्राकृतिक खूबसूरती को नजदीक से जानने का मौका देगा. यहां पर्यटक स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी लेंगे. उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का मकसद न सिर्फ पर्यटकों को झारखंड की खूबसूरती से परिचित कराना है, बल्कि इससे गांवों के लोगों को आर्थिक और सामाजिक फायदा भी मिलेगा.

# दुर्गा पूजा को लेकर हाईकोर्ट ने जिलों के डीसी, एसपी और आयोजकों को दिए कड़े निर्देश

**रांची, संवाददाता ।**

दुर्गा पूजा के मद्देनजर झारखंड हाईकोर्ट ने पूजा पंडालों में सुरक्षा, स्वच्छता और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन को कड़े निर्देश दिए हैं. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने कहा कि पूजा समितियों और जिला प्रशासन को पहले से जारी सभी दिशा-निदेर्शों का सख्ती से पालन करना होगा. ये सभी शर्तें पूरे राज्य में लागू होंगी. सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को इन निदेर्शों का पालन करने करने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने कहा है कि पूजा पंडालों में सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराएं. मामले की अगली सुनवाई सात अक्टूबर को होगी.

जिला स्कूल मैदान में दुगार्पूजा की अनुमति मिलने के बाद स्वतः संज्ञान लेकर कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है. इस मामले में सरकार की ओर से दाखिल शपथपत्र में कहा गया कि पूजा समाप्त होने के बाद मैदान को पहले जैसा खेल योग्य बना दिया जाएगा. आग से सुरक्षा के लिए 20 अग्निशामक यंत्र लगाए जाएंगे और भीड़ नियंत्रण के लिए 50 निजी सुरक्षाकर्मी और 100 स्वयंसेवक तैनात रहेंगे, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग प्रवेश व निकास मार्ग होंगे, साथ ही आपात स्थिति के लिए अलग निकास द्वार बनाया जाएगा.





इसके साथ ही लाउडस्पीकर का उपयोग स्कूल समय में और रात 10 बजे के बाद पूरी तरह वर्जित रहेगा. साथ ही जिला प्रशासन ने पूजा समितियों को साफ निर्देश दिया है कि ध्वनि प्रदूषण और स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य होगा. अदालत ने रांची जिला प्रशासन की ओर से पूजा समितियों को आठ सितंबर को जारी निर्देश का पालन करने का भी निर्देश दिया है.

# एसएसपी ने देर रात शहर का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड की राजधानी रांची के एसएसपी राकेश रंजन अचानक शहर की विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सड़क पर उतर आए। उनके इस औचक निरीक्षण की खबर किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को पहले से नहीं थी। बुधवार की देर रात लगभग एक बजे एसएसपी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने बिरसा चौक, मेन रोड, हरमू बायपास रोड और अरगोड़ा चौक सहित शहर के कई महत्वपूर्ण इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उनसे वाहनों की चेकिंग और पुलिस बल की तैनाती के बारे में जानकारी ली। साथ ही एसएसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि



कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की लापरवाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कितना भी बड़ा हो या उसे किसी भी प्रभावशाली समूह का संरक्षण क्यों न मिला हो, पुलिस को बिना किसी दबाव के उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को बिना किसी दबाव के कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर में सुरक्षा और शांति बनी रहे। उन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को निरीक्षण किया गया है। आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

# झारखंड राजद में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति, सभी वर्ग को साधने की कवायद

**मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक सुरेश पासवान को मिली कार्यकारिणी में जगह**

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड राजद ने अपने नए पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने यह सूची जारी की है. जारी सूची में 16 प्रदेश उपाध्यक्ष, एक प्रधान महासचिव, 36 प्रदेश महासचिव, 23 प्रदेश सचिव और 29 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है. इसमें सभी वर्ग के लोगों को साधने का प्रयास किया गया है.

**ये बने प्रदेश उपाध्यक्षः** नरेश प्रसाद सिंह, श्यामदास सिंह, मोहम्मद मुर्तजा, कल्पना देवी, गिरधारी गोप, मंजू साह, अनीता यादव, पप्पू सिंह, संतोष यादव, शारदा देवी, विक्रम प्रसाद यादव, संजय रंजन सिंह, राम यादव, मो सैयद शमी अहम, अर्जुन यादव, डॉ मकबूल आलम प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं.

**ये बने प्रदेश महासचिवः** सुखदेव विद्रोही, नसीम अंसारी, भूतनाथ यादव, भोली प्रसाद साहू, दिवाकर यादव, ज्ञानेश्वर यादव, मो कलाम खान, मदन पासवान, जयप्रकाश यादव, राजेश रोशन, मो फैजुल हक रशीद, सुनीता चौधरी, मदन यादव, मो इरफान अंसारी, मनोज कुमार पांडेय, बिरेन्द्र कुमार सिंह यादव, अजय चंद्रवंशी, राजकुमार गुप्ता, अरुण कुमार यादव, दिनेश दांगी, मो परवेज शाहिद खान, धनंजय यादव, रवि कुमार, कमलेश यादव, प्रणय कुमार बबलू, कमलदेव नाथ सिंह, डीएन सिंह, अभय कुमार पांडेय, कामाख्या नारायण सिंह, योगेंद्र यादव, विजय राम, तारापदो धीवर, मो जावेद अख्तर, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, सुरेश राम, मो रिजवान अहमद खान प्रदेश महासचिव बनाए गए हैं.

**इन्हें मिली प्रदेश सचिव की जिम्मेवारीः** राजकुमारी देवी, ओमप्रकाश भुइयां, योगेंद्र यादव, इंद्रदेव ठाकुर, साहिल साहनी, रामकुमार यादव, मोहर यादव, सुनील कुमार उर्फ मुन्ना यादव, प्रभु दयाल यादव, मो गयासुद्दीन अंसारी, सुनील उरांव, जयप्रकाश यादव, राजेश कुमार, मो एनामुल हक, चंद्रशेखर भगत, मनोज कुमार अग्रवाल, रंजीत कुमार यादव, पंकज चौबे, दीपक कुमार साहू, शब्बर फातमी, अनिल शर्मा, सुभाष यादव, वीरेंद्र कुमार यादव प्रदेश सचिव बनाए गए हैं.


**कार्यकारिणी सदस्यों में ये हैं शामिलः** मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक सुरेश पासवान, गौतम सागर राणा, सुभाष यादव, देव प्रकाश देवता, पुरेन्द्र नारायण सिंह, अर्जुन यादव, नाथेश्वर ठाकुर, सुनील मेहता, विश्वनाथ सिंह यादव, राजकिशोर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, सदाकत हुसैन अंसारी, भास्कर वर्मा, अशोक मांझी, मो संजर मलिक, मो इम्तियाज हुसैन वारसी, लखन यादव, महादेव यादव, मो अब्दुल गफ्फार, मो मोहिबुल्लाह अंसारी, मनोज यादव, ददन पासवान, बिंदेश्वर यादव, रामनाथ चंद्रवंशी, ईश्वरी महतो, ब्रह्मदेव भोक्ता, अर्जुन यादव और रामधन यादव को शामिल किया गया है.

# रातू के सिमलिया में मिले तेंदुए के पंजे के निशान और मल ! लोगों में दहशत

**ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**

**रांची, संवाददाता ।**

रांची के रातू प्रखंड के सिमलिया में एक बार फिर बड़े जानवर के पंजे के निशान और मल मिले हैं. इसकी वजह से आसपास के गांवों में डर का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि यह तेंदुआ का हो सकता है. वन विभाग की टीम इसकी जांच कर रही है और इलाके में कड़ी नजर रख रही है. इधर ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग गंभीरता से काम नहीं कर रहा, जिससे लोगों की जान को खतरा हो सकता है. उनका कहना है कि उन्होंने तेंदुआ अपनी आंखों से देखा है. इसी वजह से अब वे घरों से निकलने में डर रहे हैं. रात होने के बाद तो और ज्यादा दहशत का माहौल बन जाता है. बता दें कि मंगलवार की रात सोशल मीडिया पर कटहल मोड़ के चाला टोली का एक वीडियो वायरल



हुआ था. दावा किया जा रहा था कि यह तेंदुआ या बाघ हो सकता है. हालांकि वन विभाग ने उसे जंगली बिल्ली बताया था. बुधवार की सुबह लोगों ने चाला टोली के साकेत नगर में बड़े पंजों निशान देखें. वहीं आज गुरुवार की सुबह सिमलिया के अलग-अलग जगहों पर बड़े जावनर के पंजों के निशान और मल मिले हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है.

# झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी 30 सितंबर को हो रहीं रिटायर

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रही हैं. ऐसे में प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि राज्य का अगला मुख्य सचिव कौन होगा. अलका तिवारी 1988 बैच की आइएएस अफसर हैं. इनके बाद वरीयता सूची में सबसे ऊपर शैलेश कुमार सिंह हैं. वह वर्ष 1991 बैच के आइएएस अफसर हैं. वह अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव के पद पर हैं. उनके बाद निधि खरे, फिर अविनाश कुमार हैं. निधि खरे वर्ष 1992 बैच की आइएएस अफसर हैं. फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. इन दोनों अफसरों के बाद अविनाश कुमार वरीयता में ऊपर हैं. वह 1993 बैच के आइएएस अफसर हैं. वर्तमान में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के पद पर हैं. उनकी सेवा अगस्त 2029 तक है. हालांकि चर्चा के मुताबिक राज्य सरकार के द्वारा वर्तमान मुख्य



सचिव अलका तिवारी को एक्सटेंशन दिए जाने की संभावना है हालांकि इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है. जब नये मुख्य सचिव के बारे में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से पूछा गया तो वो इसका जवाब देने से परहेज करते दिखे. इधर सत्तारूढ़ जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडे के अनुसार मुख्यमंत्री इस संबंध में समुचित निर्णय लेंगे.

**01 नवंबर 2024 को मुख्य सचिव बनी थीं अलका तिवारी**

तत्कालीन मुख्य सचिव एल. खयांग्ते के रिटायरमेंट के बाद अलका तिवारी 01 नवंबर 2024 को राज्य के मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली थी. बेहद ही सौम्य और अपनी कार्यकुशलता के लिए खास पहचान बनाने वाली अलका तिवारी पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी की पत्नी हैं. अलका तिवारी के बाद राज्य के नये मुख्य सचिव को लेकर जिन अधिकारी का नाम सबसे आगे है उसमें शैलेष कुमार सिंह और अविनाश कुमार का नाम शामिल है. हालांकि राज्य में अन्य आईएएस भी हैं, जिसमें 1995 बैच के आइएएस अधिकारी अजय कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह व नितिन मदन कुलकर्णी हैं. तीनों अधिकारी अपर मुख्य सचिव के पद पर हैं. इनमें से अजय कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर हैं. वहीं, नितिन मदन कुलकर्णी राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव व सत्येंद्र सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं.

# सेल-रांची ने 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' पहल का उत्सव मनाया

**रांची, संवाददाता ।**

स्वच्छता पखवाड़ा और राष्ट्रव्यापी अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ के तहत आज इस्पात भवन, इस्पात कार्यकारी छात्रावास (सेल सैटेलाइट कॉलोनी) और एमटीआई, रांची में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में सेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रारंभिक चरण में चुने गए क्षेत्र की पूरी तरह से सफाई की गई और एकत्रित कचरे का निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित रूप से निपटान किया गया। इस अभियान का नेतृत्व श्री अनूप कुमार, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ); श्री संदीप कुमार कर, कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआईएस); श्री दीपक जैन, कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक (एसडीटीडी); श्री संजय धर, कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक (एचआर-एलएंडडी); श्री नीलेश सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक (सीईटी), श्री सुनील गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक



(डीएमएल-सीएमएलओ) के साथ-साथ अन्य मुख्य महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया, जिन्होंने इस पहल का नेतृत्व किया और प्रतिभागियों को प्रेरित किया। विभिन्न संयंत्र केंद्रों पर भी यह अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छ, हरित एवं सतत पर्यावरण बनाए रखने की साझा ज़िम्मेदारी के प्रति सेल की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# सीयूजे में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर हुआ विशेष व्याख्यान

**रांची, संवाददाता ।**

केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का विषय था - विकसित भारतः पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की प्रासंगिकता. कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. इस अवसर पर डीन अकादमिक प्रो मनोज कुमार, कुलानुशासक डॉ अमरेंद्र कुमार, तथा मुख्य वक्ता डॉ. आलोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे.

मुख्य वक्ता डॉ आलोक कुमार गुप्ता ( डीन - सामाजिक विज्ञान और मानविकी संकाय) ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन, उनके दर्शन और उनकी विचारधारा पर गहन प्रकाश डाला. उन्होंने एकात्म मानववाद के सिद्धांत की व्याख्या करते हुए बताया कि पंडित दीन दयाल ने पूंजीवादी व्यक्तिवाद और साम्यवाद के बीच एक संतुलित



वैकल्पिक मार्ग प्रस्तुत किया. उन्होंने ह्यव्यष्टि, समष्टि, सृष्टि, परमेष्ठिह्र के भारतीय अवधारणाओं पर आधारित स्वदेशी विकास मॉडल को आगे बढ़ाया.

कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय न केवल एक विचारक थे बल्कि मानवीय गरिमा के स्तंभ बनकर राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा भी हैं. एकात्म मानववाद और अंत्योदय की उनकी अवधारणाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं. उन्होंने कहा कि समावेशी विकास (इन्क्लूसिव ग्रोथ) की जो अवधारणा आज भारत में देखी जा रही है वह पंडित दीन दयाल के अंत्योदय के सिद्धांत पर ही आधारित है. साथ ही उन्होंने वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित होकर लोककल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा की. डीन अकादमिक प्रो मनोज कुमार ने कहा कि उपाध्याय जी ने भारतीय चिंतन और संस्कृति को पुनः स्थापित किया जिससे आज के युवा एक आदर्श विकसित भारत की ओर प्रेरित हो सकते हैं. कुलानुशासक डॉ अमरेंद्र कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन और योगदान का परिचय दिया. कार्यक्रम में वाणिज्य और जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत दिव्य ध्येय की ओर तपस्वी गीत ने सभी उपस्थितों को प्रेरणा और ऊर्जा से भर दिया.कार्यक्रम का संयोजन डॉ शशांक दत्तात्रेय कुलकर्णी द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो विमल किशोर ने किया.

# रांची में ऐतिहासिक राम मंदिर में गूंजा अखंड रामायण का पाठ

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी के चुटिया स्थित राम मंदिर में इस समय शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य आयोजन जारी है. हिदू परंपरा के तहत लगातार नौ दिनों तक 301 कुमारी कन्याएं सामूहिक रूप से अखंड रामायण पाठ कर रही हैं. इस विशेष आयोजन ने श्रद्धालुओं को गहरी धार्मिक अनुभूति दी है और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा.



**1686 में हुई थी मंदिर की स्थापना**

राम मंदिर की स्थापना 1686 में नागवंशी राजा राघुनाथ शाहदेव ने की थी. लगभग 300 साल पुराने इस मंदिर को रांची के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है. ऐसी मान्यता है कि चैतन्य महाप्रभु भी यहां ठहरे थे. मंदिर परिसर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ-साथ राधा-कृष्ण की प्राचीन मूर्तियां भी विराजमान हैं. नवरात्र में यहां हर साल विशेष धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, जिनमें सबसे खास परंपरा है, कन्याओं द्वारा अखंड रामायण पाठ. 1970 से यह परंपरा निरंतर निभाई जा रही है. इस बार भी 301 कन्याओं ने दिन-रात रामायण पाठ का संकल्प लिया है. यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाला पर्व है. कन्याओं द्वारा रामायण पाठ मंदिर की गरिमा और आध्यात्मिकता को और गहरा करता है. श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है और इस बार भी हजारों लोग प्रतिदिन दर्शन और पाठ सुनने पहुंच रहे हैंः

**मंदिर में निभाई जाएगी सांकेतिक रूप से रावण वध की परंपरा**

दशहरे के अवसर पर मंदिर परिसर में सांकेतिक रूप से रावण वध की परंपरा निभाई जाएगी. अभी नवरात्र पूजन विधि से मां दुर्गा की आराधना चल रही है और महानवमी के दिन कन्या पूजन के साथ आयोजन का समापन होगा. इस मौके पर कन्याओं को विशेष भोग अर्पित करने और प्रसाद वितरण की तैयारी की जा रही है.

**यहां आकर मिलती है आत्मिक शांतिः श्रद्धालु**

रामायण पाठ कर रही एक कन्या ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमें यहां रामायण पाठ करने का अवसर मिला है. इस पाठ से न केवल धार्मिक ज्ञान मिलता है बल्कि आत्मिक शांति भी प्राप्त होती है. पाठ करते हुए ऐसा लगता है मानो हम खुद भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जी रहे हों. मंदिर परिसर में इन दिनों मेले जैसा माहौल बना हुआ है. दूर-दराज से श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं और कन्याओं के रामायण पाठ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं. भक्ति गीत, देवी-स्तुति और रामायण के प्रसंगों से वातावरण लगातार भक्तिमय बना हुआ है. विशेष रूप से सजाए गए मंदिर में इस बार भी स्थानीय कारीगरों की कला देखने योग्य है. रंग-बिरंगी सजावट, फूलों की मालाएं और दीपों की रोशनी से पूरा परिसर आलोकित हो उठा है.



# जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक

## उपायुक्त सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक

- लंबित योजनाओं को समय-सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण एवं वित्तीय नियमावली एवं प्राक्कलन के विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश
- राँची जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं CM School of Excellenceविद्यालय को प्राथमिकता देने का निर्णय
- योजनाओं को ऊट्रळ के नई गाईडलाईन के अनुसार उच्च प्राथमिकता एवं अन्य प्राथमिकता के आधार पर चयन करने का सर्वसम्मति से निर्णय




संवाददाता । रांची

उपायुक्त सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आज दिनांक-25 सितंबर 2025 को समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के शासी परिषद, राँची की बैठक आयोजित की गई।लंबित योजनाओं को समय-सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण एवं वित्तीय नियमावली एवं प्राक्कलन के विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देशउक्त बैठक में ऊट्रळ से अभी तक स्वीकृत एवं लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। लंबित योजनाओं को समय-सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण एवं वित्तीय नियमावली एवं प्राक्कलन के विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यकारी एजेंसी को दिया गया।राँची जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित पंचायत एवं ग्रामों की सूची की समीक्षा की गईDMFT के नये गाईडलाईन के अनुसार राँची जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित पंचायत एवं ग्रामों की सूची की समीक्षा करते हुए नये पंचायतों एवं ग्रामों को प्रत्यक्ष (ऊश्रीू३) एवं अप्रत्यक्ष (क्ल्य्रिशीू३) प्रभावित क्षेत्रों में जोडने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

राँची जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों एवं उट रूँङ्क्क' ङ्म एठ्ठी' 'ल्लू विद्यालय को प्राथमिकता देने का निर्णयवित्तीय वर्ष 2025-26 में से योजनाओं के चयन में राँची जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं उट रूँङ्क्क' ङ्म एठ्ठी' 'ल्लू विद्यालय को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। गाईडलाईन के अनुसार उच्च प्राथमिकता योजनाओं को के नई गाईडलाईन के अनुसार उच्च प्राथमिकता एवं अन्य प्राथमिकता के आधार पर चयन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में डा० महुआ मांजी, मा० सांसद (राज्यसभा), राँची, श्री सुरेश कुमार बैठा, मा० विधायक, काँके, मा० सांसद, राँची लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, मा० सांसद, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, मा० सांसद, खूँटी लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि के प्रतिनिधि, मा० सांसद (राज्यसभा), राँची के प्रतिनिधि, मा० विधायक, तमाड़, मांडर, खिजरी के प्रतिनिधि एवं उप विकास आयुक्त, राँची-सह-सदस्य सचिव, श्री सौरभ भुवनिया, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, राँची, वन प्रमंडल पदाधिकारी, राँची, आरक्षी अधीक्षक, राँची, उप निदेशक खान, सिविल सर्जन, राँची, जिला योजना पदाधिकारी, राँची, जिला खनन पदाधिकारी, राँची, जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची,

# झारखंड को मलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य, 3-टी का सख्ती से पालन कराने का निर्देश



- मलेरिया जांच की गुणवत्ता सुधारने पर अधिकारियों ने दिया जोर, 2025 में 22हजार मामले सामने आए मलेरिया के

संवाददाता । रांची

रांची ।झारखंड को 2030 तकमलेरिया से पूरी तरह मुक्त करने के उद्देश्य से रांची में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड और टीसीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की गई। जिसमें मलेरिया से बचाव, रोकथाम और उन्मूलन की दिशा में विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के

नेतृत्व में वर्ष 2030 तक राज्य को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रैक, टेस्ट और ट्रीट की रणनीति का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है जब जमीनी स्तर पर कार्य हो और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मलेरिया उन्मूलन के प्रयासों की सराहना :डॉ. कल्पना बरुआ एनसीवीबीडीसी भारत सरकार ने झारखंड में मलेरियाउन्मूलन के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके कार्यों के प्रति उत्साहवर्धन किया। वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं डॉ. रिंकू शर्मा, संयुक्त निदेशक एनसीवीबीडीसी ने मलेरिया जांच की गुणवत्ता सुधारने की

आवश्यकता पर बल दिया। इस साल आए 22 हजार केस : राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि2025 में झारखंड में लगभग 22,000

# राज्यपाल ने बूटी मोड़ में पूजा पंडाल का उद्घाटन किया



संवाददाता । रांची

**रांची।** माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज बूटी मोड़, राँची स्थित महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया तथा सभी राज्यवासियों को नवरात्रि व दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि जिस भक्ति और लगन से यह पंडाल तैयार किया गया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं है, बल्कि नारी शक्ति, साहस और न्याय का प्रतीक है। यह पावन पर्व सत्य, धर्म, करुणा और सद्भावना जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल महोदय ने माँ दुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि हेतु प्रार्थना की।

विदित हो कि यह पंडाल 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आधारित है।

# ब्रीफ न्यूज

## बुढ़मू पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार



संवाददाता

बुढ़मू। पुलिस ने 24 सितंबर बुधवार को बुढ़मू थाना कांड संख्या 88/22 दिनांक 29/09/2022 धारा 302/449/34 भा द वि के प्राथमिकी फरार अभियुक्त अरुण राय पिता कुशल राय, के बनगांवा स्थित घर पर इश्तेहार चिपकाया ।ढोल डुगडुगी बजाकर चिपकाए गए इश्तिहार के दौरान अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस अवर निरीक्षक रवि उरांव ने अभियुक्त अरुण राय के परिजनों से मिलकर न्यायालय में आत्म समर्पण करने के लिए भी प्रेरित किया।इसके अलावे पुलिस ने सार्वजनिक स्थान प्रखंड कार्यालय बुढ़मू तथा आंगनबाड़ी केंद्र बनगावां में भी अभियुक्त अरुण राय के विरुद्ध इश्तेहार चिपकाया

## मुख्य सचिव से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत



संवाददाता

आज दिनांक 25/09/2025 को युवा दस्ता महासमिति राँची का प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी जी से मिला ।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव को दुगार्पूजा मोहत्सव में होने वाले समस्याओं से अवगत कराया ।प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यतः

1. पुर्ण रूप से शराब बंदी
2. विषर्जन से पूर्व बड़ा तालाब , धुर्वा डैम सहित सभी तालाबो में साफ सफाई कराई जाए एवं विशेष रूप से बड़ा तालाब एवं धुर्वा डैम में मूर्ति विषर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की जाए ।
3. पूजा पंडाल से जुड़े सभी अप्रोचिंग रोड में गड्ढे भरे जाए , स्ट्रीट लाइट एवं सुरक्षा की व्यवस्था की जाए ।
4. भीड़ भाड़ वाले छेत्रो में सरकारी एवं गैर सरकार वाहनों पे पूर्णतः रोक लगाई जाए ।मुख्य सचिव श्रीमती तिवारी ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना एवं सभी संबंधित अधिकारियों को इसके समाधान करने को कहा ।प्रतिनिधि मंडल में युवा दस्ता के संस्थापक श्री राजीव रंजन मिश्रा , दुगार्पूजा महासमिति के रामधन बर्मन , छात्र युवा शक्ति के अध्यक्ष कुमार रौशन , पीयूष आनंद , ज्योति शंकर साहू के साथ दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## चान्हों दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



संवाददाता

चान्हों : आगामी दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर चान्हों में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के सदस्य शामिल हुए।बैठक में पूजा के दौरान सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं और आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की गई। समिति ने सभी संबंधित पक्षों को सतर्क रहने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का निर्देश दिया।इसके अलावा, बैठक में मंदिरों और पूजा पंडालों में भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर जोर दिया गया। समिति ने स्थानीय जनता से अपील की कि वे उत्सव का आनंद लें लेकिन सामाजिक शांति और नियमों का पालन करें।बैठक में मंदिरों और पूजा पंडालों में भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर जोर दिया गया। समिति ने स्थानीय जनता से अपील की कि वे उत्सव का आनंद लें लेकिन सामाजिक शांति और नियमों का पालन करें। बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के सदस्य शामिल हुए।बैठक में पूजा के दौरान सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं और आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की गई।

# झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा,उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं कोषाध्यक्ष को

### लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई देकर चर्चा की



संवाददाता । रांची

रांची ।झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा,उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं कोषाध्यक्ष को ₹लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई देकर चर्चा की।

आज शाम झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष को पहली बार चैंबर आफिस में जाकर ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची एवं सामाजिक कार्यकताओं का प्रतिनिधिमंडल ने बधाई दी ।प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित चैंबर्स के पदाधिकारियों को अपील की रांची समेत पूरे झारखंड में थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान-महादान शिविर लगा देने की अपील की,दुगार्पूजा में थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए सड़कों पर जागरूकता बैनर लगा देते,रक्तदान-महादान हेतू वातानुकूलित वॉल्वो बस सदर अस्पताल रांची को दान करने,डेली मार्केट/सब्जी/फल मंडी को रांची के वेंडर मार्केट के तर्ज पर बिल्डिंग बनाने,डेली मार्केट स्टैंड में प्रस्तावित मल्टी लेयर पार्किंग को रद्द कर वेंडर मार्केट के तर्ज पर बनाने सहित डेली मार्केट मंडी की आवाज बनने,दर्जी पेश के लोगों को सहयोग करने सहित मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी मुद्दों पर गम्भीरतापूर्वक पहल करने की सकारात्मक एवं स्वागत योग्य चर्चा की ।चैम्बर्स के पदाधिकारियों में अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा एवं उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि आपके अपील पर जल्द ही सदर अस्पताल रांची को रक्तदान वोल्वो बस दान देने पर चर्चा की जाएगी, थैलेसीमिया पीड़ितों एवं रक्तदान शिविर पर सहयोगी बना जाएगाडेली मार्केट के मुद्दें पर जल्द वहां के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक आयोजित की जाएगी ।प्रतिनिधिमंडल ने हर्ष के साथ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/कोषाध्यक्ष एवं टीम का आभार व्यक्त किया।

# सब-जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप हेतु हुई बैठक

## सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री झारखण्ड से की मुलाकात

संवाददाता । रांची



रांची : आगामी 10 से 14 नवंबर 2025 तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली सब-जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की गई ।एसोसिएशन के प्रेसिडेंट श्री उदय साहू ने बताया कि प्रतियोगिता हेतु स्टेडियम की बुकिंग कर ली गई है। वहीं, चेयरमैन श्री सुनील सूर्यात ने जानकारी दी कि इस चैंपियनशिप के लिए मेडल मेरठ से तथा मोमेंटो छत्तीसगढ़ से मंगाए जाएंगे ।उन्होंने बताया कि सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रतियोगिता का सर्कुलर जारी कर दिया गया है। सब-जूनियर स्तर की इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लगभग 27 राज्यों के 700 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। साथ ही, आयोजन समिति का गठन शीघ्र ही किया जाएगा ।बैठक उपरांत एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने झारखण्ड के खेल मंत्री श्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात की और उन्हें प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी दी। माननीय मंत्री महोदय ने आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चेयरमैन श्री सुनील सूर्यात, वाइस चेयरमैन श्री विभूति भूषण गप्पू, प्रेसिडेंट श्री उदय साहू, मनोज साहू, शिवेंद्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, शैलेन्द्र कुमार, सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मौलाना खलील अहमद कासमी सर्वसम्मति से जमीयत उलेमा ज़िला शाहदरा (दिल्ली) के अध्यक्ष चुने गए




संवाददाता । रांची

रांची :जमीयत उलेमा हिंद के कोषाध्यक्ष मौलाना कारी शौकत अली का महत्वपूर्ण संबोधन: ₹जमीयत के लिए काम अल्लाह की रजा के लिए है, किसी शोहरत या पद के लिए नहीं₹ नई दिल्ली, (प्रेस विज्ञप्ति) 25 सितंबर, 2025आज, जमीयत उलेमा प्रांत दिल्ली की ज़िला इकाई, जमीयत उलेमा ज़िला शाहदरा का चुनाव मदरसा फैजुल उलूम सुंदर नगर, दिल्ली में शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव की देखरेख जमीयत उलेमा हिंद के कोषाध्यक्ष और दिल्ली प्रांत के केंद्रीय चुनाव बोर्ड के सदस्य हजरत मौलाना कारी शौकत अली साहब ने की। इस चुनाव बैठक में संगठन के कुल 168 सदस्यों ने भाग लिया ।सदस्यों ने सर्वसम्मति से मौलाना खलील अहमद कासमी को अध्यक्ष चुना। मुफ़्ती गुलजार कासमी महासचिव पद के लिए चुने गए, जबकि मौलाना मुफ़्ती मकसूद कासमी और मौलाना मुफ़्ती अब्दुल बासित कासमी उपाध्यक्ष चुने गए। इसी प्रकार, हाफि ज असदुल्लाह साहब (मदरसा शम्सुल उलूम शाहदरा) कोषाध्यक्ष चुने गए।

चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद, मौलाना कारी शौकत अली साहब ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद एक धार्मिक और राष्ट्रीय संगठन है जो सौ वर्षों से भी अधिक समय से देश और राष्ट्र की सेवा कर रहा है। यहाँ कोई भी पद या पद केवल सम्मान या प्रसिद्धि के लिए नहीं है, बल्कि एक ट्रस्ट है जिसका उद्देश्य लोगों की सेवा, धर्म की रक्षा और राष्ट्र का मार्गदर्शन करना है ।उन्होंने कहा कि जमीयत के कार्यकताओं और पदाधिकारियों को हमेशा याद रखना चाहिए कि यह सेवा किसी राजनीतिक हित, व्यक्तिगत लाभ या सांसारिक सम्मान के लिए नहीं है, बल्कि केवल धर्म की सेवा और ईश्वर की प्रसन्नता के लिए है। कारी साहब ने आगे कहा:ह्लआज के अशांत समय में, मुसलमानों की धार्मिक पहचान, शैक्षिक विकास और देश की साझी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा की ज़िम्मेदारी हमारे कंधों पर है। हम सभी को शुद्ध हृदय, ईमानदारी और त्याग की भावना से काम करना चाहिए। मतभेदों से संगठनात्मक एकता को कभी नुकसान नहीं पहुँचना चाहिए। यही वह रास्ता है जो हमें अल्लाह की मदद और लोगों के विश्वास की ओर ले जाएगा ।उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मौलाना खलील अहमद कासमी और उनकी पूरी टीम को विशेष सलाह देते हुए कहा:ह्लआपके चुनाव के साथ, आप पर एक नई ज़िम्मेदारी भी आ गई है। अब आपको न केवल शाहदरा ज़िले में जमीयत की गतिविधियों को व्यवस्थित करना है, बल्कि युवाओं को धर्म, शिक्षा और जनसेवा की ओर आकर्षित करने के लिए व्यावहारिक कदम भी उठाने हैं ।कारी साहब ने कहा कि जमीयत के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने चरित्र और नैतिकता से लोगों का दिल जीतने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि जमीयत की असली ताकत जनता का विश्वास और धार्मिक ईमानदारी है ।इस अवसर पर जमीयत उलेमा नई दिल्ली के अध्यक्ष मौलाना कासिम नूरी सहित अनेक स्थानीय विद्वान एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## 10 नक्सलियों ने किया सरेंडर। 6 पुरुष 4 महिला नक्सली ने किया सरेंडर



संवाददाता

रांची ।झारखंड पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 10 नक्सली ने किया आत्मसमर्पण ।डीजीपी अनुराग गुप्ता के समक्ष नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण ।झारखंड सीआरपीएफ आईजी, आईजी अभियान, आईजी एसटीएफ, डीआईजी कोल्हान, डीआईजी स्पेशल ब्रांच, चाईबासा एसपी सहित कई तमाम पदाधिकारी मौजूद।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खरीदगी जमीन जिसका खाता संख्या-8, प्लॉट संख्या-14, कुल रकबा-22 डीसमिल, थाना-खेलारी, थाना संख्या-14, जिला रांची, वर्तमान अंचल - खेलारी, जो मेरे मुवक्किल श्रीमती गुलशन आरा पति-स्व. ताबे रसूल की खरीदगी जमीन जिसका दाखिल खारिज संख्या - 12फ्27 सन 1981-82 जो साल दर साल लगान भुगतान करते चले आ रही है, जिसने सिर्फ मेरे मुवक्किल का ही अधिकार है जिसके संबंध में दीवानी मुकदमा जिसका मुकदमा संख्या-21 सन 2009 है जो रफीक खान, उनके भाई तथा लड़कों के विरुद्ध लंबित है। अतः कोई व्यक्ति अगर इसकी खरीद बिक्री, एकरारनामा, दान या बंधक रखता है तो वह कानूनन अवैध तथा गलत होगा और वह व्यक्ति स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा।

कृष्ण कुमार (अधिवक्ता)

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर भाजपा जमशेदपुर महानगर की कार्यशाला हुई सम्पन्न

**जमशेदपुर, संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाने के लिए 25 सितंबर से 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' शुरू करने जा रही है। यह अभियान तीन महीने तक चलेगा और 25 दिसंबर को समाप्त होगा। जिसके तहत भाजपा कार्यकर्ता दुकानों और घर-घर पर स्वदेशी का संदेश पहुंचाएंगे। साथ ही हस्ताक्षर अभियान, सेमिनार, व्यापारी-युवा सम्मेलन, प्रभात फेरी एवं स्वदेशी मेले जैसे कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वहीं बुधवार भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में साकची स्थित जिला कार्यालय में कार्यशाला के माध्यम से 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' की विभिन्न पहलुओं और सफलता को लेकर कार्यकताओं को दिशा-निर्देश भी दिया गया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में झारखंड भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान अभियान के जिला टोली के संयोजक, सह संयोजक, सदस्य एवं अभियान की सफलता के निमित्त विभिन्न मंडलों में नियुक्त किए गए संयोजक एवं सह संयोजक भी मौजूद रहे। यह अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से शुरू होकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 से 'मेक इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' की नीतियों के जरिए स्वदेशी को बढ़ावा दिया है। जिसका परिणाम है कि भारत का रक्षा निर्यात आज बढ़कर 24 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प ही स्वदेशी है और हमें उनके साथ खड़े होकर इसे जन-जन तक ले जाना है और उनके संकल्प को सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी को आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। आजादी का आंदोलन भी सिर्फ स्वतंत्रता के लिए नहीं था। उसमें स्वदेशी और आत्मसम्मान की खुशबू भी थी। आज हमें हर त्यौहार, हर खरीदारी में स्वदेशी को प्राथमिकता देनी होगी। इस दौरान उन्होंने अभियान के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी दी। वहीं जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि आत्मनिर्भर का मतलब है कि हम अपने देश में बनी चीजें खरीदें और उसका अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे हर व्यक्ति के मन में स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए उन्हें जागृत करें। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और दुनिया का सबसे युवा देश है। युवाओं को स्वदेशी की ओर प्रेरित किया जाए तो भारत पुनः आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। हम सबको मिलकर जमशेदपुर महानगर में अभियान को सफल बनाना है। इस दौरान मंच संचालन अभियान के जिला संयोजक संजीव सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे बाबूलाल मरांडी**

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 109 वीं जयंती पर भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से गुरुवार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम साकची कालीमाटी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में होगी। जिसमें झारखंड भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेशाध्यक्ष का आगमन दोपहर 1 बजे बिस्टुपुर स्थित जमशेदपुर परिसदन में होगा। उक्त जानकारी जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने दी। कार्यशाला में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला महामंत्री संजीव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, आईटी सेल के सह संयोजक किशोर ओझा एवं उज्वल सिंह समेत विभिन्न मंडलों के संयोजक एवं सह संयोजक मौजूद रहे।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद की शोधार्थी को मिला प्रतिष्ठित इंडिया एआई पीएचडी फेलोशिप

**धनबाद, संवाददाता**




इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस), धनबाद को गर्व है कि प्रिया कुमारी, रसायन एवं रासायनिक जीवविज्ञान विभाग की प्रथम वर्ष की पीएचडी शोधार्थी, को इंडिया एआई पीएचडी फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह फेलोशिप इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रिया कुमारी अपने शोध कार्य को प्रो. मधुलिका गुप्ता के निर्देशन में कर रही हैं। पूरे देश से केवल 100 शोधार्थियों को यह अवसर मिला है। यह फेलोशिप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और मशीन लर्निंग (टछ) के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहयोग, अत्याधुनिक संसाधन और विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है। इस उपलब्धि पर प्रो. मधुलिका गुप्ता ने कहा प्रिया की इस सफलता से हमें गर्व है। यह उनके परिश्रम और आईआईटी आईएसएम में हो रहे अंतरविषयक शोध की ताकत को दिखाता है। आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा प्रिया की उपलब्धि न सिर्फ संस्थान के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह भारत की एआई रिसर्च क्षमता को भी मजबूत करेगी। हमारा प्रयास है कि युवा शोधार्थियों को विश्वस्तरीय माहौल और अवसर मिलें। इस फेलोशिप के माध्यम से प्रिया को शोध के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विज्ञान और तकनीक में सार्थक योगदान दे सकेंगी।

# उप विकास आयुक्त और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**रामगढ़, संवाददाता**

जिले में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जे.एस.एल.पी.एस.) द्वारा पतरातू प्रखंड के पालू पंचायत अंतर्गत पालू गांव में संचालित गैर कृषि गतिविधि एवं चिक हार्डनिंग सेंटर का औचक निरीक्षण उप विकास आयुक्त, रामगढ़ श्री आशीष अग्रवाल और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पतरातू श्री मनोज कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस निरीक्षण के दौरान, उन्होंने लखपति दीदी की विस्तृत जानकारी ली और उन्हें काफी बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान, उप विकास आयुक्त और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने गैर कृषि गतिविधि और चिक हार्डनिंग सेंटर की गतिविधियों का अवलोकन किया और लाभुकों से बातचीत की। उन्होंने लखपति दीदी की प्रगति की समीक्षा की और उन्हें अपने व्यवसाय को और अधिक विस्तार से बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। लखपति दीदी योजना के तहत, महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं और उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत, महिलाएं अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चला रही हैं और अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं। उप विकास आयुक्त और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने लखपति दीदी को काफी बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें अपने व्यवसाय को और अधिक विस्तार से बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जे.एस.एल.पी.एस. की टीम को भी निर्देश दिए कि वे लखपति दीदी को आवश्यक समर्थन और संसाधन प्रदान करें ताकि वे अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चला सकें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान, जे.एस.एल.पी.एस. से प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक श्री पुरुषोत्तम कुमार सिंहा और प्रखण्ड परियोजना अधिकारी थे।

# धनबाद की पूर्व उपायुक्त डॉ बीला राजेश को दी गई श्रद्धांजलि

## 12 फरवरी 2004 से 26 अप्रैल 2007 तक रही धनबाद की उपायुक्त

**धनबाद, संवाददाता**



धनबाद की पूर्व उपायुक्त डॉक्टर बीला राजेश के आकस्मिक निधन पर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के दौरान 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड कैडर से अपना करियर शुरू कर तमिलनाडु कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बनीं डॉ बीला राजेश का बुधवार को निधन हो गया था। उन्होंने चेन्नई स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से जिला प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे तमिलनाडु में कमर्शियल टैक्स की प्रिंसिपल सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थीं। डॉ बीला राजेश 12 फरवरी 2004 से 26 अप्रैल 2007 तक धनबाद की उपयुक्त रहीं थी। इन तीन वर्षों में उन्होंने जिले में कई ऐतिहासिक काम किए और एक कर्तव्यपरायण, सख्त और संवेदनशील अधिकारी के रूप में अपनी छवि बनाई। मैथन जलापूर्ति योजना के तहत करीब 40 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछवाने का काम उनकी देखरेख में पूरा हुआ। इसके अलावा, मोहलबनी स्थित विद्युत शवदाह गृह को दोबारा शुरू कराने का श्रेय भी उन्हें जाता है। अक्टूबर 1998 में यह बंद कर दिया गया था।

लेकिन 22 दिसंबर 2005 को तत्कालीन उपायुक्त के रूप में उन्होंने इसका पुनः उद्घाटन किया। डॉ बीला राजेश ने अपने कर्मनिष्ठ और सेवा भाव से न सिर्फ प्रशासनिक जगत बल्कि आम जनता के दिलों में भी एक विशेष जगह बनाई थी। इस मौके पर विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, प्रशिक्षु आईपीएस राघवेन्द्र शर्मा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा रजत मनिक बाखला के अलावा सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, सभी थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी तथा जिले के विभिन्न शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, बाल बाल बची चालक की जान

❖इस मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जाती है जान, नहीं है कोई स्पीड ब्रेकर, हर बार होती है बड़ी दुर्घटना

**रामगढ़, संवाददाता**



पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत स्थित मां पंच बहिनी मंदिर के समीप गुरुवार सुबह 8:00 बजे के करीब एक कोयला लदा ट्रक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक की जान बाल बाल बची। सौभाग्य से उस समय सड़क भी खाली थी जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। मौके पर गाड़ी के चालक मिराज अंसारी ने बताया कि यह गाड़ी जिंदल रायगढ़ से कोयला लोड करके पतरातु जिंदल जा रही थी। अचानक एक बाइक आ जाने से उसको बचाने के क्रम में गाड़ी पलट गई। वहीं स्थानीय ग्रामीण एवं खेत की मालकिन लक्ष्मी देवी ने कहा कि जब भी हम अपने खेत में कोई भी खेती लगाते हैं तो आए दिन कोई ना कोई गाड़ी इस मोड़ पर आकर पलट जाती है जिससे वर्ष में दो कभी-कभी तीन बार हमारे फसलों को नुकसान पहुंचता है। ग्रामीण महिलाओं के साथ खेत की मालकिन ने प्रशासन से गुहार लगाई की यथा शीघ्र यहां पर एक स्पीड ब्रेकर बनाया जाए जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। ग्रामीणों ने आगे कहा कि यह मोड वैसे भी जानलेवा मोड है। प्रत्येक वर्ष दुर्घटना में न जाने कितने लोगों की मौत यहां हो चुकी है। मगर फिर भी यहां अभी तक स्पीड ब्रेकर की कोई व्यवस्था नहीं हो पाना चिंता का विषय है।

# बोकारो थर्मल भाजपा कार्यालय में मनाया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वां जयंती

**बोकारो, संवाददाता**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती भाजपा कार्यालय बोकारो थर्मल में गुरुवार को मनाया गया। कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भरत यादव ने उनके जीवन यात्रा की चर्चा करते हुए कहा की दीनदयाल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भाजपा के प्रेरणास्त्रोत रहें हैं। विश्व जब साम्राज्यवाद और साम्यवाद से ग्रसित था,तो दीनदयाल जी ने संपूर्ण मानवता की रक्षा के लिए एकात्म मानववाद का दर्शन देकर विश्व कल्याण का मार्ग दिखाया। प्रकृति एवं संस्कृति का संरक्षण के साथ आत्म निर्भरता, सामाजिक समरसता, स्वदेशी का संदेश वाहक दीनदयाल जी का जीवन मुल्य आधारित था। उनके अंत्योदय और स्वदेशी की परिकल्पना को साकार करने के लिए मोदी जी विगत 11 वर्षों सतत प्रयत्नशील है। इसलिए मोदी सरकार ने लगभग सभी योजनाएं गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान, महिला, दलित, आदिवासी के कल्याणार्थ संचालित कर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सबल बना रही है। भारत सशक्तिकरण हेतु आत्मनिर्भरता के लिए मेक इन इंडिया,लघु एवं सुक्ष्म उधोग और स्टार्ट अप को बढ़ावा देकर स्वदेशीकरण किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा दीनदयाल जी के विचारों को आत्मसात कर जनमानस को जागरूक करना ही दीनदयाल जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर भाजपा नेता श्रवण सिंह, ईश्वर प्रजापति, मोती महतो, गिरिजा देवी,ओम प्रकाश सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, भैरव महतो, रामचंद्र महतो, हरेराम यादव, सीमा देवी, पी जी सेन, विरेश निषाद, पप्पू यादव, हरदीप राम, प्रेम सिंह, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

# टुण्डी विधायक द्वारा दर्जनों धुमकड़िया भवन का शिलान्यास



**धनबाद, संवाददाता**

झारखंड विधानसभा के सचेतक सह टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज टुण्डी प्रखंड के विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बनने वाले मांझी हाउस/धुमकड़िया भवन का दीप प्रज्जवलित एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। बताते चलें कि कल्याण विभाग के अधीन टुण्डी के अरवाटांड़, चकामानपुर, चितरडीह, नयाबहाल, कारीटांड़, मुड़रा, केन्दुआटांड़, भोस्की, भुराही, छोटानागपुर आदिवासी बहुल गांवों में इस तरह के भवन निर्माण कार्य से आदिवासी समुदाय को बहुत हद तक कार्यक्रमों को करने में सहायक सिद्ध होगा। मौके पर झामुमो नेता फूलचंद किस्कू, कोलेश्वर बास्की, बसंत महतो, सुनिल कुमार बेसरा मदन महतो समेत बड़ी संख्या में आदिवासी भाई बहनें उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया जा रहा स्वदेशी सप्ताह

# स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ : आरके पाण्डेय

**बेरमो, संवाददाता**



विद्या भारती के निर्देश पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेलो में गुरुवार को 25 सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाण्डेय ने वंदना सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की सेवा है। स्वदेशी अपनाना है,देश का मान बढ़ाना है। यह भाव भैया-बहन, समाज एवं स्वयं में भी जागृत हों। इससे भारत आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। सभा के बाद कक्षा चतुर्थ से दशम तक के छात्र-छात्राओं ने तेलो ग्राम में भव्य प्रभात फेरी निकाली। विद्यालय परिसर से निकली प्रभात फेरी महतो मार्केट, लालजी चौक, कुम्हार टोला, भण्डार टोला होते हुए माइन टोला तक पहुँची। इस दौरान भैया- बहनों ने जोशीले नारे लगाए–

**आत्मनिर्भर भारत का सपना, स्वदेशी से होगा अपना।**

**अपना देश, अपनी शान - स्वदेशी है अपनी पहचान।**

**स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ।**

**कोलगेट, रिन, पेप्सी, कोला जन जन में है जहर घोला।**

प्रभात फेरी के दौरान समाज के लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु प्रेरित करने वाले पत्रक भी वितरित किए गए। स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहयोग दिया। पूरे सप्ताह चलने वाले कार्यक्रमों का संचालन आचार्य अनन्त पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य एवं कर्मचारी बंधु-भगिनियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा ने स्वच्छता व पौधारोपण कर मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती



**धनबाद, संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी सिंद्री नगर मंडल ने आज एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं हम सबों के मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर रोड़ा बांध पोस्ट ऑफिस परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का संदेश देता है। उन्होंने कार्यकताओं से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने कहा कि उपाध्याय के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और कार्यकताओं को राष्ट्रहित में समर्पण की प्रेरणा देते हैं। जिला मंत्री प्रकाश बावरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं वरिष्ठ नेता राकेश तिवारी ने कहा कि स्वच्छता और सेवा ही पंडित दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। स्वच्छता अभियान के उपरांत 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# विधायक जयराम महतो ने किया नौ योजनाओं का भूमिपूजन व शिलान्यास

**बोकारो, संवाददाता**



डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने गुरुवार को नावाडीह प्रखंड में नौ योजनाओं का भूमिपूजन व शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भलमारा पंचायत के कुकुरलिलवा में आरईयो रोड से जमुनपनिया स्कूल तक पथ निर्माण कार्य , विधायक मद से बगजोबरा में छत्रधारी महतो के घर से देवाचंद महतो के घर तक नाली निर्माण, डीएमफटी फंड से प्राथमिक विद्यालय धधकीबेड़ा में अतिरिक्त वर्ग कक्षा का निर्माण, विधायक मद से चपरी पंचायत भवन के बगल में पुस्तकालय भवन का निर्माण, चपरी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जीर्णोद्धार, चपरी के बेला और पिपराटांड़ के बीच नाला पर पुल निर्माण, गुंजरडीह पंचायत में स्व डेगलाल महतो स्मारक तोरण द्वार , गुंजरडीह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जीर्णोद्धार,आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जीर्णोद्धार सह शौचालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया। विधायक श्री महतो ने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के पूरा होने से लोगों को सुविधा होगी,बेला और पिपराटांड़ के बीच नाला पर पुल बन जाने से आवागमन सुलभ होगा। वहीं प्राथमिक विद्यालय धधकीबेड़ा में अतिरिक्त वर्ग कक्षा के निर्माण से बच्चों को पढ़ाई में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर पूरा किया जा रहा है। इससे पहले कुकुरलिया में ग्रामीणों ने विधायक को ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो, जिप सदस्य फूलमती देवी, नावाडीह मुखिया किरण देवी,चपरी मुखिया आरती देवी, पंसस ममता देवी, पूर्व मुखिया गणेश महतो, जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष मोती महतो, फूलचंद किस्कू,देवेंद्र महतो, अनिल महतो, कोलेश्वर महतो, महावीर महतो, विजय महतो, दीपक महतो, मंडल महतो , महेश महतो, इंद्रदेव महतो, मैनेजर महतो, टिंकू शर्मा, भीम साव, उमेश सिंह, सुर्यकांत पांडे, अजय महतो, चंद्रिका सिंह, फूलचंद महतो, भीम कुमार साव आदि उपस्थित थे।

# नावाडीह में पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवकों ने की पूर्वाभ्यास



**बेरमो, संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी के उपलक्ष्य पर नावाडीह में पथ संचलन होना हैं। जिसको लेकर गुरुवार को नावाडीह खंड के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया।जो गोबरगढ़ा स्थित फुटबॉल ग्राउंड से चल कर ब्लॉकमॉड होते हुए बिनोद बिहारी चौक पहुंची और पुनः फुटबॉल ग्राउंड वापस लौटे। मौके पर खण्ड कार्यवाह लालचंद महतो ने कहा कि 29 सितंबर को नावाडीह में पथ संचलन को लेकर आज अभ्यास किया गया। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि पथ संचलन से क्षेत्र में हिंदू के प्रति एक जागरण का संकेत प्रेरित करते हुए फैलती कुरीतियां दूर हो कर लोगों में संस्कार , भारतीय संस्कृति की भावना में जागृति उत्पन्न होगी। मौके पर खण्ड सह कार्यवाह बालेश्वर महतो, गौ सेवा प्रमुख छत्रबली पंडित, समाजसेवी फूलचंद किस्कू, पंकज शर्मा, अनिल महतो, ओम प्रकाश कुमार, दुर्गा कुमार, योगेंद्र कुमार, गणेश कुमार, करण कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार आदि मौजूद थे।

